"We help your Business to Grow"

40 YEARS 1981-2021 Successful Auto Journalism

For Any Enquiry Contact 91-9414076426

Registered with the Registrar of News Paper for India Under No. 38126/81
Postal Registration No. Jaipur City/211/2021-2023



अभी मास्क भी और वैक्सीन भी

जहां जाइयेगा, हमें पाइयेगा

# परिवहन सम्पदा

40 वर्षों से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में देश की एक मात्र अग्रणी पत्रिका

Register at www.parivahansampda.com and access a Whole New World of Automobile Trade

Year : 41 | Issue : 02 | 30th April, 2021 (Fortnightly) | Price 20/- | Yearly 400/- | 3 Yearly 1000/- | 5 Yearly 1500/- | Life 3000/- | Page-56


असली है! सर्वोत्तम है!

GCPA®

An ISO 9001:2015 Certified Company

TRUSTED QUALITY CLUTCHES








- Higher Torque Capacity & Uniform Pressure
- Better Cooling & Heat Sink Capacity
- Toughened Steel to Eliminate Bending
- Improved Driveablity by Better Axial Cushioning
- Designed to Improve Life by 100% with Miba Buttons

GCPA May Be Higher Than YOU THINK

*Manufactured & Marketed By*

**GENUINE CLUTCH PART (I) PVT. LTD.**

Shed No.5-A, R. K. Estate, Near Saroorpur
Industrial Area, Sohna Road
Faridabad-121 004 (Haryana) India

*Regd. Office*

Plot No.149, Sector 23-24 Main Road
Sanjay Colony, Faridabad-121 004 (Haryana)


MAKE IN INDIA

+91-9319135588 genuineclutchpart@gmail.com

MATADOR GENUINE SPARES
ESTD. 1968 FOR EXCELLENT SERVICE

- U.J. CROSSES
- STEERING & SUSPENSION PARTS
- STEERING CROSS ASSEMBLIES
- RUBBER PARTS
- CENTER BEARINGS ASSEMBLIES
- WATER PUMP ASSEMBLIES
- BRAKE PADS

MATADOR
GENUINE SPARES
www.matador.net.in
AN ISO 9001:2015 Company



For Business Enquiry Contact Pankaj Handa (P.R.M) 9810218021


No. 1 Brand
Serving the country since 80 years
GS INTERNATIONAL
UNVEILING THE UNBEATABLE RANGE
Committed To
• CUSTOMER SATISFACTION
• BEST PRODUCT PERFORMANCE
• ADVANCE TECHNOLOGY
• BEST INDUSTRY PRACTICES
TRUST THE LEADER
Our Other Exclusive Range
COOLANT
Precision Automotive components for Commercial, HCVs, LCVs, SUVs, Agriculture, Construction vehicles
GS AUTO INTERNATIONAL LTD.
GURMUKH SINGH INTERNATIONAL LLP.
GENUINE PARTS
Standard O.E.M. First Choice Long Lasting ★ Tested With Highest
Manufactured & Marketed By:
G.S. Estate, G.T. Road, Ludhiana 141010 (INDIA)
Tel.: 91-161-2511001, Fax: +91-161-2510885
E-mail:mkt@gsgroupindia.com
Website: www.gsgroupindia.com

# arc

## BRONZE BUSHES




## ARC INDUSTRIES

Plant : **Khasra No. 21//1/1/2/2, Village Nathupur, Sonipat-131029 (Haryana)**

www.arcautoindustries.com | sales@arcautoindustries.com | **+91-9555030609, 9899487898, 011-45013456**


RB ROBUST BRAKES
BRAKE LININGS
DISC BRAKE PADS
OUR RANGE
Largest Customer Network
DEALERS
ENQUIRIES
SOLICITED
ENHANCED CONTROL FOR ALL TERRAINS
ROBUST BRAKES
BRAKE LINING
Robust Autocomp Pvt. Ltd.
1C/13,Rajnigandha Building, New Rohtak Road, Karol Bagh,
Central Delhi, New Delhi 110005 IN
C-20, Phase II, Gautam Budh Nagar, Noida (UP)
www.robustbrakes.com
info@robustbrakes.com
+91-8766356968, 9971346667

# भावभीनी श्रद्धांजली

31-08-1969



02.04.2021

## स्व. सुमन कुमार सरावगी

( श्री श्याम आटोमोटिव, रायपुर )

कुछ वक्त और ठहर जाना था, यूँ ना अचानक चले जाना था
आप जो थे, न था करीब कोई गम हमारे, हमको आपने जूझना सिखाया था
आपने ही हमें हसंना सिखाया था, आपकी हाजिर जवाबी हमेशा याद आयेगी
अश्रुपूर्ण आँखें राह तकती हैं सबकी, कभी तो सवप्न में ही चले आना था

मेरे परम मित्र स्व.सुमन कुमार सरावगी के आकस्मिक निधन शोक प्रकट करता हूं एवं जगत नियन्त्ता, परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना करता हूं व मेरे परम मित्र के शोकाकुल परिवार को इस असहनीय वेदना को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं स्व. सुमन एक कुशल व्यवसायी, व्यवहार कुशल व दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका हंसमुख स्वभाव व कटु सत्य बोलने की आदत मुझे हमेशा याद आती रहेगी।

**श्रृद्धावान :**

**राधेश्याम कुमावत**

MiLAN
MOTOR & TRACTOR PARTS
Godown No. 15-B. Near Water Tank
Transport Nagar, Jaipur-302003 (Raj.)
0141-2640073, 4010073 +91-9414371791
milanjaipur94@gmail.com


CELEBRATING 25 Years
EMM POWER™
Rear Axle Shaft, U.J. Cross & Wheel Spanner
दमदार
ताकत मजबूती बेमिसाल
निभाये साथ
आपका
सालों साल
EAL
Engineering products to perfection
UL REGISTERED FIRM
ISO/TS 16949:2009
PRODUCTS BY EMMBROS AUTOCOMP LTD.
Rear Axle Shafts / Automotive Shafts • Rolled Splines • Front Axles
• Universal Joints with & without Needles • Pinion Yokes • Differential Housings / Cases
• Bolts / Bushes • Spools • Spindles • Bevel Gears / Pinion Gears • Precision Machined Parts
OUR PRESTIGIOUS OEM CUSTOMERS
CARRARO
DANA
MERITOR
TATA
JCB
AAM
VE COMMERCIAL VEHICLES
A VOLVO GROUP AND EICHER MOTORS JOINT VENTURE
DEALERSHIP ENQUIRIES SOLICITED - CALL +91 99157 95777
EMMBROS AUTOCOMP LTD.
Corporate Office & Works :
Village Bhud, Nalagarh Road, Baddi, Distt. Solan -173205 (Himachal Pradesh)
Tel. +91-7807880990-92 | E-mail : info@emmpower.in
Works Registered Office : Village - Katha, Baddi, Distt. Solan. 173205 (HP) India.
Tel.: +91-780772004-05-06 | www.emmbros.com | www.emmpower.in

# DELITE INDUSTRIES

**JALANDHAR (PB.) INDIA**

**Manufacturers & Exporters**

D.S.C.®

EXCELLENCE IS OUR TRADITION

SINCE : 1965

MAKE IN INDIA



CUSTOMER SATISFACTION

POOR AVERAGE GOOD EXCELLENT

TS 16949:2009

ISO 9007:2015

## AUTOMOBILE CHASSIS PARTS & TRAILER SUSPENTION PARTS

| | | |
|---|---|---|
| SPL IN : ALL TYPES OF S.G IRON (DUCTILE IRON) AND C.I CASTINGS | SCAFFOLDING AND FORM WORK ACCESSORIES | TRACTOR TROLLY PARTS<br>EARTHMOVING MACHINERY PARTS |
| TRACTOR PARTS | JEEP PARTS | LCV PARTS |

Add: Raja Garden, Gadaipur, Jalandhar-144 012 (Pb.) INDIA

Visit us at : www.dscautoparts.com, www.delitescafoldingpunjab.com

E-mail : info@dscautopart.com, delitesunil@gmail.com

Contact : **SUNIL SHARMA** 0091-98140-01083, 0091-87289-01083

# WE'RE WHAT DRIVES YOU.




(REGD.)
ESTD.: 1951

INNOVATION. PERFORMANCE. PROTECTION.
YESTERDAY. TODAY. **TOMORROW.**

**DEALER / DISTRIBUTOR ENQUIRIES SOLICITED**



## D. D. INDUSTRIES LIMITED

Manufacturers of : Propeller shafts & Components

(REGD.)
ESTD.: 1951

Email : info@ddindustriesltd.com | Contact : 011-28115552-54, 9811443243, 9871301040
**Sales Office :** A-50/3, Mayapuri Industrial Area-I, New Delhi-110064
**Corporate Office :** A-100, Mayapuri Industrial Area-II, New Delhi-110064
**Manufacturing Unit :** B-33, Mayapuri Industrial Area-I, New Delhi-110064


Committed For Quality & Customer Satisfaction
An ISO 9001:2008 CERTIFIED Company
SINCE 1981
GMT
AUTO & TRACTOR SPARES
(ALLOY STEEL)
OE Equivalent Quality
Full Range of
Tata, Leyland, Jeep, Car & Tractors
Spring Shackle Pins
Center Bolts
Wheel Spanner
Wheel Bolts
Spare Nuts
Bolts
Studs
Washers
Pinion Nuts
Axle Check Nuts
In Business with 450 Dealers & Counting
Dealer Distributer Enquiry Invited for Unrepresented Area
Manufacturers & Exporters:
GREAT INDIA MACHINE TOOLS
Plot No. 71, Ganpati Estate, Village Tibba, Sahnewal-141 120 (Ludhiana) Pb.
Phone : (O) 0161-2425215, 2423390 (Mobile) +91-9465500575, 9815600575
Email : info@gmtautospares.com Visit us at : www.gmtautospares.com

# परिवहन सम्पदा

40 वर्षों से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में देश की एक मात्र अग्रणी पत्रिका

जहाँ जाइयेगा, हमें पाइयेगा

**Regd. Office :**
FF-20, Priha Plaza, Opp Punjab National Bank,
Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan)
Ph.: 0141-2642679, 4012679
E-mail: sales@parivahansampda.com
parivahan@airtelmail.in
Web Site : www.parivahansampda.com
www.facebook.com\parivahansampda1981
@parivahansampda
9414076426



Editor
Avnish Jain
# 9414076426, 8209138320
avnish@parivahansampda.com
@avnishjain1971







Co-Editor
Shalu Jain
# 8426044999, 8005612683
shalu@parivahansampda.com

Makeup & Managed By
Shyam Saini
# 9799102032
shyam@parivahansampda.com







G. M. (Marketing)
Sanjay Gurnani
# 7568555805
sanjaygurnani76@gmail.com



**Chartered Accountant & Auditors :**
**SHARMA GARG & CO.**
502, 5th Floor, Pink Tower
Tonk Road, Jaipur-302 015
Phone : 0141 4012993, 4031194

Edited, Published and Owned by **Avnish Jain** and Printed at **Kanti Offset Printers** 448, Bakliwal Bhawan, Lalji Sand ka Rasta, Jaipur-302003 and Published at FF-20, Priha Plaza, Opp. Punjab National Bank, Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan) **Editor Avnish Jain**


Year : 41 | 30th April, 2021 (Fortnightly) | Issue : 02 | Page : 56



**EDITOR CORNER**

# आर्थिकी की चिंता

**महामारी के बीच डगमगाती अर्थव्यवस्था फिर से चिंता की बात है। पिछले साल तबाह हुई अर्थव्यवस्था से देश अभी एक चौथाई भी उबर नहीं पाया है।**

हर वर्ग के निवेशकों से लेकर कामगारों तक में भय साफ दिख रहा है। महाराष्ट्र सहित देश के कुछ राज्यों में सख्त प्रतिबंधों की वजह से कामगार फिर से अपने घरों को जाने लगे हैं। इससे आने वाले दिनों में उत्पादन और मांग का चक्र थम सकता है। इन हालात को निकट भविष्य के विकट संकट का संकेत माना जाए। हालांकि इसी बीच दो ऐसी खबरें भी आई जो राहत के संकेत देती है। नीति आयोग ने कहा है कि जरूरत पड़ी तो सरकार और राहत पैकेज दे सकती है। दूसरा भरोसा वित्त मंत्री ने दिया है कि देशव्यापी पूर्णबंदी नहीं होगी। संकट भले कितना भी गंभीर हो, लेकिन ऐसे वक्त में ये भरोसे सकारात्मक माहौल बनाने वाले हैं।

कुछ भी हो इतना तो तय है कि भविष्य के खतरों को लेकर सरकार इस बार पहले से चेत रही है। पिछले साल अचानक की गई पूर्णबंदी ने अर्थव्यवस्था को गर्त मे धकेल दिया था। सकल घरेलू उत्पाद शून्य से चौबीस फीसदी नीचे गिर गया था। हालांकि बाद की दो तिमाहियों में थोड़ी हलचल बनी और त्योहारी मांग ने बाजार में जान फूंकने की कोशिश की। लेकिन वाहन उद्योग में जो मामूली वृद्धि दिखनी शुरू हुई थी, वह अब फिर से रूकती दिखने लगी है।

अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान करने वाला सेवा क्षेत्र भी दूसरी लहर की मार से अछूता नहीं है। अल्पकालिक पूर्णबंदी और प्रतिबंधों के कारण होटल, खानपान जैसे कारोबारों की जान पर बन आई है। छोटे उद्योगों में उत्पादन जोर नहीं पकड़ पा रहा है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं, जिसमें आर्थिक पैकेज जैसी राहत की जरूरत से कोई इंकार नहीं कर सकता। एक अच्छी बात है कि पिछले साल के कटु अनुभव इस बार काम आ सकते हैं। गौरतलब है कि यह तिमाही वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही ही है। विशेषज्ञ बता रहे है कि दूसरी लहर का प्रकोप मई के मध्य तक बना रहेगा। लिहाजा, आर्थिक क्रियाकलापों पर आकंलन अभी से शुरू हो जाना चाहिए। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए पैकेज जैसी राहत अगर समय से मिल जाएगी तो हालात को बिगड़ने से बचाया जा सकता है।

भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर विदेशी रेटिंग एजेंसियों, अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के जो अनुमान आ रहे हैं, वे ज्यादा ही उत्साह पैदा करने वाले है। रिजर्व बैंक ने साढ़े दस फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया है। लेकिन हकीकत यह है कि दो अंकों में वृद्धि दर हासिल कर पाना आसान नहीं है, खासतौर से मौजूदा हालात में तो मुश्किल ही लगता है। अब तक जो उम्मीद बांधी जा रही थी, महामारी की दूसरी लहर उस पर पानी फेर रही है।

हाल में उद्योग संगठनों ने सरकार से किसी भी सूरत में पूर्णबंदी नहीं लगाने की अपील की। इसका पूरी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। अर्थव्यवस्था का पहिया ठहर जाता है। बाजार में मांग पैदा करने वाले उपायों पर जोर होना चाहिए। छोटे और मझौले उद्योगों को फिर से खड़ा करके ही उत्पादन को पटरी पर लाया जा सकेगा। महामारी से निपटने के लिये कड़े कदम बेशक उठाए जाएं, पर उससे भी ज्यादा जरूरी अर्थव्यवस्था को संभालना है। इसके लिए निवेशकों और उद्योगों का भरोसा बढ़ाना होगा।



# Advertiser's index


| Company Name | Page No. |
|---|---|
| Accurate Engineers, Ludhiana | 24 |
| Amrit Auto Ancillaries And Company, Delhi | 56 |
| Amrit Tools & Agriculture, Agra | 52 |
| Am-tech Industries, Rajkot | 47 |
| Anand Auto Dealers, Delhi | 21 |
| ARC Industries, New Delhi | 04 |
| Atul International, Ludhiana | 17 |
| Auto Craft India, Ludhiana | 52 |
| AVS Brake Linings Pvt. Ltd., New Delhi | 51 |
| Balwant Motors, Delhi | 32 |
| Bawa Murayama Silicon, Jalandhar | 19 |
| Bharti International, Veraval (Shapar) | 18 |
| Bright Industries, Jalandhar | 23 |
| British Motor Car Co. (1934) Ltd., Jaipur | 19 |
| British Motor Car Co. (1934) Ltd., Jaipur | 22 |
| British Motor Car Co. (1934) Ltd., Jaipur | 26 |
| British Motor Car Co. (1934) Ltd., Jaipur | 34 |
| Chaggar Engineering Works, Jalandhar | 25 |
| Chera Engineering Works, Faridabad | 29 |
| D.D. Industries Limited, New Delhi | 09 |
| Delite Sales Corporation, Jalandhar | 08 |
| Devgun Auto Industries, Padampur | 50 |
| Emmbros Autocomp Ltd., Baddi | 07 |
| GCPA Private Limited, Ballabgarh | 01 |
| G.S. Auto Industries Pvt. Ltd., Jalandhar | 53 |
| Gagan Engineers, Ludhiana | 15 |
| Genuine Spares, Delhi | 23 |
| Great India Machine Tools, Ludhiana | 10 |
| GS Auto International Limited, Ludhiana | 03 |
| Isha Electronics, Udaipur | 48 |
| J. P. Traders, Delhi | 52 |
| J.k. Bearing Corporation, Delhi | 53 |


## Areawise Booking Center



***DELHI***
Mr. Anand Sachdeva
**M/s Sachdeva Agencies**
779/17, Dr. Sircar Building,
Nichlson Road, Kashmere Gate
Delhi-110006
Ph.: (011) 23936570 (M) 09311158940
E-mail: sachdevaagencies@gmail.com

***UTTARANCHAL***
Mr. Manmohan Kishan Gupta
**M/s Friends Auto Spears**
Tyagi Road, Dehradun-248001
Mobile : 09897129306





***UTTAR PRADESH***
Mr. K. C. Nigotiya
**M/s Nigotiya Auto Spares**
96-S, Gurunanak Market
Gadarian Purwa, Kanpur - 208012
Mobile :09838200249
Email :nigotiyakanpur@yahoo.co.in

***MADHYA PRADESH***
Mr. Santosh Parashar
**M/s Techno Prograssive Traders**
89, 4th Floor, Dawa Bazar
13-14, R.N.T. Marg, Indore-452001
Phone : 0731-4045621, 2705551
Mobile : 09827289231





***HARYANA***
Mr. Sushil Aggarwal
**M/s Super Automobiles**
26-29, New Auto Market
Bhiwani-127021
Mobile : 09416338273
E-mail:
super_automobiles@rediffmail.com

***MAHARASHTRA (VIDHARBHA)***
Mr. Sanjay Zumberlalji Chhangani
**M/s Chhangani Traders**
Chhangani Complex,
Jaffergi Gin Compound
Behind Old Cotton Market
Amravati- 444601 (MH.)
(M): 7212573675, 9422190355



**Required Area wise Contact For Subscription Booking, Advertisement Booking & For Trade News Coverage In**
**Punjab, Odisha, Jammu & Kashmir, Andra Pradesh, Tamilnadhu & Kerla**
**Contact # 9414076426**

## Areawise Booking Center

***RAJASTHAN***
Mr. Akshay Jain
**C/o Documents Point**
225/A-3, Ashok Nagar,
Road No. 13, Udaipur-313 001
Phone: (0294) 2424050, 2424051
(M) 09414168317, 9887068317
Email : docu_point@rediffmail.com





***BIHAR/JHARKHAND/WEST BENGAL***
**Mr. Shambhu Kumar**
Mobile : 09934234304
Email : shambhukumarkhg55@gmail.com

**Mr. Rakesh Kumar**
Mobile : 09199137188





**Mr. Subash Kumar**
Mobile : 09934454065



***CHATTISGARH***
Mr. Govind Aggarwal
**M/s Bearing Centre**
21, Lal Ganga Mansion, Patwa
Complex, M. G. Road, Raipur (C.G.)
Phone: 0771-2224947, 4031917
Mobile: 9425502117, 9827161747
Email : bcraipur@gmail.com

***JHARKHAND***
Mr. Kishan Kumar
**M/s Neha Tractor**
Near Bank of Baroda
Rathur Road, Ranchi-834001
Ph. 09708640300, 09835196655






***GUJARAT***
Mr. Prakesh Ravel
**C/o Sagar Advertising & News Services**
16, Silver Coin, Opp. Ghugri Park
80 ft. Road, Surendra Nagar-363 002
Ph.: (02752) 224570 (M): 09825224217
E-mail : sagarads54@yahoo.in

## Advertiser's index


| Company Name | Page No. |
|---|---|
| Kansal Auto Traders, Delhi | 18 |
| Kansal Auto Traders, Delhi | 20 |
| Kansal Auto Traders, Delhi | 34 |
| Kansara Engineers Pvt. Ltd., Jodhpur | 49 |
| Krishna Engg. Works, Ludhiana | 52 |
| Link Enterprises, Delhi | 21 |
| M.R.T. Enterprises, Gondal | 50 |
| Maaksl Incandesce Equipments Pvt. Ltd., Faridabad | 50 |
| Milan Motor & Tractor Parts, Jaipur | 06 |
| Modi Motors, Jaipur | 30 |
| Narang Fluid Transmission Products, New Delhi | 33 |
| Puran Auto Sales, Jaipur | 16 |
| R. S. Industries, Delhi | 27 |
| R.B. Industries, Jalandhar | 52 |
| RMP Bearings Limited, Ahmedabad | 28 |
| Robust Autocomp Private Limited, New Delhi | 05 |
| Royal Auto Industries (Regd.), Ludhiana | 16 |
| Royal Auto Industries (Regd.), Ludhiana | 22 |
| Shanti Enterprises, Ludhiana | 50 |
| Sharda Auto Industries Ltd., Nagpur | 55 |
| Shree Vinayak Autocomp (India) Pvt. Ltd., Indore | 54 |
| Somani Auto (P) Ltd., Raipur | 20 |
| Somani Auto (P) Ltd., Raipur | 26 |
| Super Products (Regd), Delhi | 02 |
| Yaman Engitech Pvt. Ltd., Noida | 37 |


**The views and opinions expressed in the articles printed in this journal do not necessarily represent that of the Editorial Board.**

# अन्दर के पृष्ठों पर.....

## वाहन-उद्योग


| | |
|---|---|
| वुलिंग होन्गगुआंग मिनी ईवी ने टेस्ला के मॉडल 3 को दी मात | 18 |
| स्कोडा का अभी भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन लाने का इरादा नहीं | 18 |
| एक बार चार्ज करने पर 500 किलोमीटर चल सकती है किआ की इलेक्ट्रिक कार | 20 |
| टाटा मोटर्स का कॉम्पैक्ट एम्बुलेंस सेगमेंट में प्रवेश | 33 |
| हुंडई की नयी क्रेटा की सेल्स एक वर्ष में 1.2 लाख के पार | 33 |
| भारत में हर साल एक इलेक्ट्रिक कार उतारेगी वोल्वो | 34 |
| इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्यूफेक्चरिंग में पहले स्थान पर होगा भारत | 46 |


## न्यू लॉन्च


| | |
|---|---|
| रीइमेजिंग ट्रांसपोर्टेशन.... | 18 |
| अशोक लेलैंड ने 4-एक्सल, 14 पहियों वाला ट्रक एवीटीआर 4120 पेश किया | 20 |
| छह महिने में ही 50 हजार से अधिक महिन्द्रा थार की हुई बुकिंग | 22 |
| इंडियन मार्केट में इस साल 25 नए मॉडल उतारेगी बीएमडब्ल्यू | 35 |
| इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बनाने की तैयारी में मुरुगप्पा ग्रुप | 41 |


## विविधा


| | |
|---|---|
| आर्थिकी की चिंता | 11 |
| 100 कदम सफलता के | 39 |
| .... तो रद्द हो सकता है जीएसटी रजिस्ट्रेशन | 34 |


## समाचार-जगत


| | |
|---|---|
| फिर बढ़ने लगी ऑटो कंपनियों की चिंता | 16 |
| मारुति की कारें हुई 22,500 रुपये तक महंगी | 16 |
| एमजी मोटर ने इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी पर रिसर्च के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ हाथ मिलाया | 22 |
| सरकार ने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन दस्तावेजों की वैधता जून तक बढ़ाई | 22 |
| भारत में मेन्यूफेक्चरिंग शुरू करने के लिये टेसला के पास सुनहरा अवसर | 24 |
| पुणे कारखाने में दिशा-निर्देशों का अनुपालन कर रहे है-टाटा मोटर्स | 34 |
| टैक्स बचाने के लिए क्या है बेहतर ऑप्शन-एनएससी या 5 वर्ष की बैंक एफडी | 39 |


## स्वास्थ-जगत


| | |
|---|---|
| क्या आप अच्छी और पूरी नींद नहीं ले पा रहे? | 19 |
| सभी मौसम में करें पपीते का सेवन | 26 |


## न्याय-निर्णय


| | |
|---|---|
| अनादरित चेक का नोटिस निर्धारित समय सीमा में जारी नहीं होने पर धारा 138 के अंतर्गत कार्यवाही नहीं | 25 |


## Market Update


| | |
|---|---|
| Ball & Tapper Roller Bearings | -- |
| Cylinderical Roller Bearings | -- |
| Chevrolet Tavera Spares | -- |
| Earthmoving Machine Spares | -- |
| Gajra Gears | -- |
| GCPA Clutch SpareParts | 36-37-38 |
| LUK Clutch Spares Parts | 45 |
| Maruti Suzuki Swift Spares | -- |
| Macas Spare Parts | -- |
| Meritor Spare Parts | -- |
| Mahindra Pickup/Bolero Spares | -- |
| MSL Clutch & Components | 35 |
| Replacement Spare Parts (Tata) | -- |
| Rane Suspension & Steering Parts | -- |
| Sona Spares Parts | 44 |
| T.V.S. Girling Parts & Bolts | 42 |
| TVS Brake Lining Spare Parts | 39 |
| Tata ACE/Magic | 46 |
| Tata Indica Spare Parts | 45 |
| Tata Spare parts for All Model | 32 |
| Toyota Qualis Spare Parts | 43 |
| Tractor Spare Parts<br>Pistons, Valves, Usha, IPL, MPR | 40-41 |
| Valeo Clutch Spare Parts | 45 |



Now E-magazine Available at Our Website
(www.parivahansampda.com)
FREE
Without Login All Edition are Available
Like and Inquire Details of The Party Directly to Them.
Now read your favorite magazine wherever you go.... Available on PC... Mac.... Tablet... or any other handheld device!

An ISO Certified Co.




Gagan
ENGINEERS

**Manufacturers of :** All Types of High Class Centre Bolt
U-Bolt, Wheel Spanner & Nuts for Exports & Domestic Market



Gagan ENGINEERS

Guru Nanak Street No.7, Shimlapuri, Gill Road, Ludhiana-141003 (Pb.)
Phone : +91-161-5058344 Fax : 2490344 E-mail : gagan04@hotmail.com
**Contact Person : Gagan Gupta (Mobile) +91-98148-11199**

# फिर बढ़ने लगी ऑटो कंपनियों की चिंता



प्रमुख ऑटो कंपनियां मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई), टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और होंडा कार्स ने आशंका जताई है कि कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों से उसकी बिक्री घट सकती है। देश की सबसे बड़ी कार कम्पनी एमएसआई ने कहा कि ऑटो बिक्री आर्थिक वृद्धि के साथ ही उपभोक्ता भावना के साथ भी जुड़ी हुई है।

एसएसआई के कार्यकारी निदेशक (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, ''कोविड-19 की स्थिति बिगड़ने से पक्का है कि ग्राहक भावना पर नकारात्मक असर होगा और इसका बिक्री पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।'' उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के चलते कारों की आपूर्ति करना संभव नहीं होगा, लेकिन इसके साथ ही इससे ग्राहकों पर मनोवैज्ञानिक रूप से नकारात्मक असर होता है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन सोनी ने कहा कि स्थानीय प्रतिबंधों से कारों की मांग और आपूर्ति कार्यक्रम प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, ''प्रतिबंधों की गंभीरता और विस्तार के आधार पर हम केवल महीने के अंत में रुझान और आंकड़ों को बता सकेंगे। फिलहाल हमारे पास मांग काफी अच्छी है। हम स्थानीय प्रतिबंधों और लॉकडाउन के बावजूद ग्राहकों की मांग को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं।

होंडा कार्स इंडिया ने कहा कि वह नए हालात पर कड़ी नजर रख रही है। कम्पनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और निदेशक (विपणन और बिक्री) राजेश गोयल ने कहा, 'लॉकडाउन और सप्ताहांत के कर्फ्यू से बिक्री प्रभावित होगी। क्योंकि कुछ जगह शोरूम बंद हो जाएंगे। फिलहाल हम स्थितियों का आकलन कर रहे हैं और विभिन्न शहरों से इस बारे में फीडबैक ले रहे हैं।''

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी 19 लाख से अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक देश में कोविड-19 के कुल मामलों को लेकर हालात चिंताजनक बन गई है।

## मारुति की कारें हुई 22,500 रुपये तक महंगी



देश की सबसे बड़ी कार कम्पनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपने विभिन्न मॉडलों के दाम 22,500 तक बढ़ाने की घोषणा की है। कम्पनी ने कहा कि उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से उसे यह कदम उठाना पड़ रहा है। यह मूल्यवृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू होगी। कम्पनी ने कहा कि सेलेरियो और स्विफ्ट को छोड़कर सभी मॉडलों के दाम बढ़ाए गए हैं। शेयर बाजार को भेजी सूचना में मारुति ने कहा, ''विभिन्न लागत में बढ़ोतरी की वजह से कम्पनी को चुनिंदा मॉडलों के दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं।'' दिल्ली शोरूम में विभिन्न मॉडलों के दाम औसतन 1.6 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं। कम्पनी भारतीय बाजार में आल्टो से लेकर एस-क्रॉस तक विभिन्न मॉडल बेचती है। दिल्ली शोरूम में इन मॉडलों की कीमत 2.99 लाख से 12.39 लाख रुपये है। इससे पहले इस साल 18 जनवरी को कम्पनी ने चुनिंदा मॉडलों के दाम 34,000 रुपये तक बढ़ाने की घोषणा की थी।

Super Quality Motor Parts For All Vehicles

ROYAL
Auto Industries (REGD.)
#138, Street No. 1, Bachiter Nagar, Gill Road, LUDHIANA - 141006
Contact Person : 09464880096, 09417355581 (Hardeep Singh)
Email : rai.ludhiana@gmail.com

Comprehensive Range of Radiators & Engine Cooling System For Commercial Vehicles


SPIRIT OF CHALLENGE
An ISO/TS 16949 Certified Co.
Authorised Distributor
JAI ENGINEERING COMPANY INDIA
J-21, Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan)
Sister Concern : PURAN AUTO SALES Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan) Mobile : 9414067506, 9414067508
For Any Trade Enquiries Contact Gaurav Gupta # 9461900138 E-mail to guptagaurav003@gmail.com

# Atul International

Suppliers of: Auto & Tractor Spare Parts

Heavy & Light Commercial Vehicle Spares,
Jeep Spare Parts, Tractor & Tiller Parts

## OUR PRODUCTS



# Atul International

(Suppliers of: Auto & Tractor Spare Parts)

Nirankari Street No.6, Miller Ganj, G.T. Road. Ludhiana-3.
Off.: 0167-2537233, 24637233 Cell : 094170-39233
E-Mail : info@autlulinter.com, ksinter44@gmail.com
Website : www. atulinter.com

Rane

Suspension & Suspension Parts
KANSAL AUTO TRADERS
123, Gurunanak Auto Market, Kashmere Gate
Delhi-110 006 Phone: (0) 49402354
Mobile: 9811031573, 9811031547

# स्कोडा का अभी भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन लाने का इरादा नहीं




चेक गणराज्य की वाहन कम्पनी स्कोडा फिलहाल भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक कार नहीं उतारेगी। कम्पनी का मानना है कि फिलहाल भारतीय बाजार ऐसे वाहनों के लिए तैयार नही है। यहां ऐसे वाहनों की खरीद की लागत काफी ऊंची है। कम्पनी भारतीय बाजार में रैपिड और सुपर्ब की बिक्री करती है। इसके अलावा वह यहां जुलाई में एसयूवी कुशक उतारने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही कम्पनी ने डीजल पावरट्रेन से भी दूरी बनाने का फैसला किया है। कम्पनी भारतीय बाजार में सिर्फ पेट्रोल वाली कारें उतारेगी। स्कोडा ऑटो फॅक्सवेगन इंडिया के प्रबंध निदेशक गुरप्रताप बोपाराय ने कहा, ''भारत में अभी आम लोगों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन सस्ते नहीं हैं। बैटरी के दाम नीचे आए हैं लेकिन ये इंटरनल कम्बशन इंजन कारों का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं हैं। अभी इसमें कुछ साल लगेंगे। बोपाराय ने कहा कि भारत में अभी इलेक्ट्रिक कार कारोबार आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं है। भारत 2.0 परियोजना के तहत जर्मनी के वाहन समूह फॉक्सवैगन ने 2018 में घोषणा की थी कि वह 2019 से 2021 के दौरान अपनी मौजूदगी बढ़ाने की रणनीति के तहत एक अरब यूरो का निवेश करेगा। जून, 2018 से स्कोडा फॉक्सवैगन समूह की ओर से भारत 2.0 परियोजना को आगे बढ़ा रही है। बोपाराय ने बताया कि फॉक्सवैगन समूह की इलेक्ट्रिक वाहन खंड में उपस्थिति रहेगी। समूह की कम्पनी ऑडी यहां प्रीमियम इलेक्ट्रिक वाहन उतारेगी।

## रीइमेजिंग ट्रांसपोर्टेशन...



अमेजॉन डॉट कॉम के स्वामित्व वाले सैल्फ ड्राइविंग स्टार्टअप जूक्स ने फुली ऑटोनोमस इलेक्ट्रिक व्हीकल लांच किया है। सिंगल चार्ज पर यह दिन और रात को चल सकती है। इसमें स्टीयरिंग व्हील नहीं है। ड्राइवरलैस रोबोटेक्सी में चार पैसेंजर ट्रेवल कर सकते हैं। वाहन की मैक्जीम स्पीड 121 किलोमीटर्स प्रतिघंटा है। हर यात्री के पास एयरबैग फीचर दिया गया है। टेक्नोलॉजी को कमर्शियलाइज करने के लिए जूक्स एप बेस्ड राइड हेलिंग सर्विस लांच करने का विचार कर रही है। शुरूआत लॉस एंजिलस और सैन फ्रांसिस्को से की जा सकती है।

# वुलिंग होन्गगुआंग मिनी ईवी ने टेस्ला के मॉडल 3 को दी मात

वुलिंग होन्गगुआंग मिनी ईवी ने बिक्री के मामले में टेस्ला के मॉडल 3 को पछाड दिया है। दुनिया में टॉप-सेलिंग इलेक्ट्रिक कार के तौर पर जनवरी और फरवरी में इसकी सर्वाधिक बिक्री दर्ज हुई है। द वर्ज की रिर्पाट के मुताबिक, जनवरी में आकार में छोटी इन कारों की 36,000 से अधिक इकाइयां बिकीं, जब कि इस मुकाबले मॉडल 3 की करीब 21,500 इकाइयां बिक्री। फरवरी के महीने में भी होन्गगुआंग की 20,000 से अधिक इकाइयां बेची गईं, जबकि टेस्ला मॉडल 3 की केवल 13,700 इकाइयां ही बिक पाई।

अकले चीन में ही होन्गगुआंग मिनी ईवी 28,800 युआन यानि कि करीब 4,500 डॉलर में बिकीं। रिपोर्ट के मुताबिक कार को लेकर दावा किया गया है कि हर बार चार्ज के साथ यह 170 किलोमीटर (करीब 106) मील तक की दूरी तय कर सकती है और प्रति घंटे की दर से 100 किलोमीटर तक की रफ्तार पकड़ सकती है यानि की एक घंटे में 62 मील। रिपोर्ट में कहा गया है, इसके स्पेसिफिकेशंस में 76.4 इंच का एक व्हीलबेस शामिल है, जिसकी लंबाई 115 इंच से कम और चौड़ाई 59 इंच है और यह लगभग 64 इंच की लंबाई में खड़ा होता है। इसका कुल वजन 1,466 पाउंड है। चीनी राज्य के स्वामित्म वाली ऑटोमोबाइल कम्पनी एसएआईसी मोटर, वुलिंग मोटर और अमेरिकी कार निर्माण कम्पनी जनरल मोटर्स ने आपसी सहयोग से इसे बनाया है, जिसे वुलिंग का नाम दिया गया है।

FXL No. 1
Rolling Bearings & Cool
the REVOLUTION TECHNOLOGY


Customer Care : 096620 55055
Divisional Distributor
HARI AGENCIES
Bhiwani (Haryana) Mob. : 9050582687




# क्या आप अच्छी और पूरी नींद नहीं ले पा रहे?

रात के दौरान अच्छी नींद स्वस्थ शरीर के लिए बहुत आवश्यक है। अगर आप पूरी नींद नहीं ले पाते हैं या गलत समय पर सोते हैं या फिर टुकड़ों में नींद पूरी करते हैं तो इससे आपकों निंद्रा विकार की समस्या हो सकती है, जिससे नींद के समय में कमी हो सकती है। अगर आप सात से नौ घंटे की अच्छी नींद लेते हैं तो न केवल आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है बल्कि ब्लड प्रेशर, हार्मोन संतुलन भी ठीक रहता है। नींद संबंधी विकार कई तरह के हालातों के प्रभाव के कारण होते हैं, जो नियमित रूप से आने वाली अच्छी नींद को प्रभावित करते हैं। यह आजकल एक आम समस्या है, जो साधारण सिर दर्द और दिनभर के तनाव से जुड़ी रहती है। जब कोई मरीज सिरदर्द की समस्या से जूझता है तो वह भी एक सामान्य न्यूरोलॉजिकल विकार है, जो 60-70 प्रतिशत तक नींद में खलल से संबंधित है।

नींद संबंधी बीमारियों में से सबसे ज्यादा लोगों में पाई जाने वाली बीमारी है इंसोमेनिया। आइए, एक नजर डालते हैं ऐसी कई बीमारियों पर।

**1. स्लीप एपनीया:** यह नींद से जुड़ा एक गंभीर विकार है, जिसमें खून में ऑक्सीजन की कमी से सांस लेने में परेशानी होती है। इसमें अचानक से सांस रुक जाती है और फिर एकाएक आने लगती है। इससे मस्तिष्क और शरीर के अन्य हिस्सों में ऑक्सीजन का प्रवाह प्रभावित होता है,



जिससे अच्छी नींद लेने में समस्या आती है। खर्राटे लेना, घरघराहट और उठने पर मुंह का सूखा होना इसके सामान्य लक्षण हैं।

**2. रेस्टलेस लेग्स सिंड्रोम :** इस विकार में मरीज अक्सर अपने पैरो को हिलाता रहता है। वे जब भी सोने जाते हैं तो उन्हें पैरों में जलन महसूस होती है। जिससे अच्छी नींद लेने में परेशानी होती है।

**3. स्लिप पैरालिसिस :** स्लीप पैरालिसिस एक विकार है जहां एक व्यक्ति जागने और सोते समय हिलने या बोलने में असमर्थ होता है। मरीजों को एक निश्चित दबाव और तत्काल भय का अनुभव होता है। कई बार इससे पीड़ित लोग सचेतन में होते हैं लेकिन फिर भी वे हिलने-डुलने में असमर्थ होते हैं।

**4. सर्कैडियन रिदम डिसऑर्डर :** इस बीमारी में मरीजों का इंटरनल बायोलॉजिकल क्लॉक बाहरी समय के साथ समन्वय नहीं बिठा पाता है। इसमें सोने के समय को लेकर मरीज की दिमागी घड़ी कुछ घंटे पीछे चल रही होती है। जो लोग नाइट शिफ्ट करते हैं, उसके साथ ऐसा अक्सर होता है।

**5. इंसोमेनिया:** सामान्यत: इस तरह के अनिद्रा विकार में मरीजों को नींद आने और नियमित तौर पर पूरी नींद लेने में परेशानी होती है। ऐसे में पूरे दिन उनमे ऊर्जा की कमी नजर आती है।

### अच्छी और पूरी नींद लेने के टिप्स-

- बिस्तर पर जाने का एक समय निश्चित कर लें और उसे बनाए रखें।
- शाम और रात के समय कॉफी के सेवन से बचें।
- टीवी, कंप्यूटर या मोबाइल पर समय बिताना कम करें, खासकर सोने से पहले।
- प्रतिदिन नियमित रूप से व्यायाम करें।
- रात को नींद में दिक्कत होती है तो दोपहर या बीच-बीच में नींद लेने से बचें।
- बिस्तर पर जाने से पहले गर्म पानी से नहाएं। इससे आप रिलेक्स महसूस करेंगे और नींद भी अच्छी आएगी।



TATA
Somani Enterprises
Retailer TATA MOTORS Parts for Delhi
2803, Guru Nanak Auto Market, Kashmere Gate, Delhi-110 006, Ph.: 23974715, 23943477, 64532987

## एक बार चार्ज करने पर 500 किलोमीटर चल सकती है

# किआ की इलेक्ट्रिक कार

एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला को कड़ी टक्कर देते हुए दक्षिण कोरिया के नम्बर-2 वाहन निर्माता किआ ने अपनी इलेक्ट्रिक कार ईवी6 का अनावरण किया। यह एक समर्पित मंच पर निर्मित कम्पनी का पहला ऑल-इलेक्ट्रिक मॉडल है, जो एक बार चार्ज करने पर ही 500 किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर सकती है।

ईवी6 की कीमत करीब 4.5 करोड़ से 5.5 करोड़ वॉन (40,000 डॉलर और 48,500 डॉलर) है, जो कि टेस्ला की एंट्री लेवल ऑल-इलेक्ट्रिक सेडान के समान है। एक ऑनलाइन वर्ल्ड प्रीमियर इवेंट में दक्षिण कोरिया के नम्बर 2 कार निर्माता ने अपनी क्रॉसओवर ईवी6 को उसकी मूल कम्पनी हुंडई मोटर ग्रुप के इलेक्ट्रिक ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफार्म (ई-जीएमपी) के आधार पर प्रदर्शित किया, जो पिछले महीने हुंडई इओनिक 5 के लिए उपयोग किया गया एक ही प्लेटफार्म है। ईवी 6 किआ की उन 11 पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की योजना के तहत आने वाली पहली इलेक्ट्रिक कार है, जो कम्पनी ने 2026 तक अपने ईवी ड्राइव के लिए तैयार की है। ऑटोमेकर के अन्य ईवी मॉडल नीरो और सोल हैं, जिन्हें गैस और हाइब्रिड वेरिएंट के साथ पेश किया गया हैं

किआ के अध्यक्ष सॉन्ग हो-सुग ने एक ऑनलाइन प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा, ''ईवी6 पहला मॉडल है, जो किआ की ओर से एक वाहन निर्माता से एक अभिनव गतिशीलता समाधान प्रदाता (इनोवेटिव मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रोवाइडर) के रूप में खुद को बदलने के लिए अपने विजन की घोषणा के बाद आया हैं'' उन्होंने कहा, ''ईवी6 एक प्रतीकात्मक मॉडल है, जिसे किआ की मध्यम और दीर्घकालिक योजना के तहत विकसित किया गया है, जो 2030 तक कुल बिक्री का 40 प्रतिशत इको-फ्रेंडली मॉडल का अनुपात बढ़ाएगा।''



रिपोर्ट के अनुसार, यह मॉडल बैटरी पैक के दो विकल्प पेश करेगा। इसमें एक विकल्प स्टैंडर्ड 58-किलोवाट-घंटा (केडब्ल्यूएच) बैटरी के साथ मिलेगा, जबकि दूसरा विकल्प लंबी दूरी के साथ 77.4 केडब्ल्यूएच के साथ मिलेगा। कम्पनी ने कहा कि 800-वोटर-सिस्टम वाला लंबी दूरी का मॉडल एक बार चार्ज करने पर 510 किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर सकता है, जोकि इओनिक 5 की 430 किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज से अधिक है। इसके अलावा इसमें 18 मिनट में ही 80 प्रतिशत तक बैटरी चार्ज करने की क्षमता भी है। ईवी6 में अन्य ईवीएस की तुलना में अधिक स्पेस के साथ बेहतरीन इंटीरियर मिलता है। कम्पनी ने कहा कि उसका लक्ष्य इस साल विश्व स्तर पर 30,000 यूनिट्स बेचना है और अगले साल 1,00,000 यूनिट्स बेचने का टारगेट है।

LUK CLUTCH
KANSAL AUTO TRADERS
123, Gurunanak Auto Market
Kashmere Gate, Delhi-110 006
Phone: (O) 011-49402354
Mobile: 9811031573, 9811031547

## अशोक लेलैंड ने 4-एक्सल, 14 पहियों वाला ट्रक एवीटीआर 4120 पेश किया

ASHOK LEYLAND


हिंदुजा समूह की कम्पनी अशोक लेलैंड ने अपने 4-एक्सल और 14 पहियों वाले ट्रक एवीटीआर 4120 को पेश किया, जिसकी कुल वाहन भार क्षमता 40.5 टन है। अशोक लेलैंड ने एक बयान में कहा समान बनावट वाले दूसरे ट्रकों के मुकाबले यह ट्रक पांच टन अतिरिक्त पेलोड प्रदान करता है। अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक विपिन सोंधी ने कहा, ''हमारी कोशिश हमेशा अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और उनके लिए बेहतर लाभप्रदता मुहैया कराने की रही है और एवीटीआर 4120 इस दिशा में एक कदम है।''



Ultimate

# TOYO SEAL GASKETS

## QUALITY PRODUCTS



Gaskets for New Generation Car, LCV's & Commercial Vehicles

## LINK ENTERPRISES (Regd.)

63, P. S. Jain Motor Market, Kashmere Gate, Delhi - 110006
Phone : 011-65474754, 43465287, 64745287, 09810449526 E-mail : linkgasket_ind@yahoo.co.in
Visit us at : www.toyosealgaskets.com

# ANAND AUTO DEALERS

DEALS IN AUTO ELECTRICAL SPARES FOR HEAVY EARTHMOVERS LIKE KOMATSU, NIKKO, SAWAFUJI, DENSO, MITSUBISHI, BOSCH, NEECE NIVELLE, PRESTOLITE, SAMSUNG, CUMMINS, VALEO, MAGNET MARRELY, VOLVO AND DELCO REMY

PRODUCTS : STARTERS, ALTERNATORS, REGULATORS, DIODE PLATES, DRIVES, FIELD COILS, BRUSH GEAR SOLENOID SWITCH, CARBON BRUSHES, ARMATURES FOR ALL TYPES OF HEAVY EARTHMOVERS




SHOP NO. 844, TILAK STREET, KASHMERE GATE, DELHI-110 006
Mobile : 9811455156 E-mail : joharsingh@gmail.com

TRADE
FARMOX®
GENUINE SPARES
MARK

Spindle Axle, Top Link Assy., Wheel Hub, Lower Link Chain, Leveling Lift Jack, Tie Rod End, Centre Pins, Hitch Pin, Top Link Pin, Tiller Pin, Brake Drums
ROYAL AUTO INDUSTRIES (Regd.)
(Manufacturer:- Tractor, Trolly, Jeep & Motor Parts)
#138, Street No. 1, Bachiter Nagar, Gill Road, LUDHIANA - 141006 (Pb.)
Phone : (M) 09417355581, 09463005769, 09464880096
E-mail : rai.ludhiana@gmail.com

# एमजी मोटर ने इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी पर रिसर्च के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ हाथ मिलाया



एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि उसने इलेक्ट्रिक और ऑटोनोमस वाहनों की प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के साथ करार किया है। कम्पनी के बयान के मुताबिक आईआईटी, दिल्ली के वाहन-प्रौद्योगिकी केंद्र सेंटर फॉर आटोमोटिव रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी (कार्ट) के साथ यह करार संस्थान के नवप्रवर्तन एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण न्यास (एफआईटीटी) के माध्यम से किया गया है। इसका लक्ष्य एमजी की पहल 'केस' को आगे बढ़ाना है। केस (सीएएसई) का उद्देश्य सम्पर्क के लिए स्वायत, साझा विद्युत वाहन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को आगे बढ़ाना है। पूर्व में एमजी ने आईआईटी दिल्ली के साथ कार की सीट पर सुरक्षा के क्षेत्र में एक वर्ष की परियोजना पर काम किया था। इसने संस्थान के साथ मिलकर विद्यार्थियों के लिए वाहनों और परिवहन प्रणालियों को सुरक्षित और पर्यावरण की दृष्टि से अपेक्षाकृत स्वच्छ बनाने के विषय पर हैकाथॉन आयोजित किया था। एमजी ने पहली इंटरनेट इलेक्ट्रिक एसयूवी-एमजी जेडएस ईवी और पहली ऑटोनोमस लेवल-1 प्रीमियम एसयूवी-ग्लॉस्टर पेश की है, और उसका उद्देश्य भविष्य के ऑटोनोमस वाहनों के विकास के लिए रिसर्च का उपयोग करना है। एमजी मोटर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव चाबा ने कहा, हमें विश्वास है कि यह पहल आईआईटी दिल्ली के छात्रों को शहर की स्थितियों में ऑटोनोमस टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करने के लिए महत्वपूर्ण मूल्य प्रदान करेगी। आईआईटी दिल्ली का ऑटोमोटिव रिसर्च एंड ट्राइबोलॉजी केंद्र (कार्ट) सक्रिय रूप से बैटरी-चालित इलेक्ट्रिक वाहनों, हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों, स्टोरेज और वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों, ऑटोनोमिस और कनेक्टेड वाहनों के क्षेत्रों में हाई-एंड रिसर्च और डेवलपमेंट का संचालन करने में भाग लेता है।

Mahindra

# छह महिने में ही 50 हजार से अधिक महिन्द्रा थार की हुई बुकिंग


महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने कहा कि पेशकश के छह महीने के भीतर महिन्द्रा थार की बुकिंग 50,000 के आंकड़े को पार कर गई है। ऑटो कम्पनी ने एक बयान में कहा कि इसके डिजाइन, प्रदर्शन, ऑफ-रोड क्षमता, सहूलियत, तकनीक और सुरक्षा के साथ थार को काफी पसंद किया जा रहा है। एमएंडएम ऑटो ऑटोमोटिव डिविजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय नाकरा ने कहा, ''हम इस अभूतपूर्व प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं, जो नई थार को मिली है। वास्तव में ये हमारी उम्मीद से बढ़कर है।'' उन्होंने कहा कि मॉडल की प्रतीक्षा अवधि उम्मीद से अधिक है।



# सरकार ने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन दस्तावेजों की वैधता जून तक बढ़ाई

कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर सरकार ने ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल), पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) और परमिट जैसे मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता को 30 जून 2021 तक बढ़ा दिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राज्यों को भेजे एक परामर्श में कहा है कि वह फिटनेस, परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण और अन्य दस्तावेजों की वैधता को बढ़ा रहा है, जिनका लॉकडाउन के कारण विस्तार नहीं किया जा सकता है और जिनकी वैधता एक फरवरी 2020 को खत्म हो गई है या 31 मार्च, 2020 को खत्म हो जाएगी। इससे पहले मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और केंद्रीय मोटर वाहन नियम से संबंधित दस्तावेजों की वैधता को कई बार बढ़ाया जा चुका है। मंत्रालय ने राज्यों से कहा कि यह सलाह दी जाती है कि एक फरवरी से समाप्त हो चुके दस्तावेजों की वैधता 30 जून, 2021 तक वैध मानी जा सकती है। परामर्श में कहा गया कि संबंधित अधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे दस्तावेजों को 30 जून 2021 तक वैध माने।





TAPER ROLLER
BALL
CYLINDRICAL
NEEDLE ROLLER
FOUR POINT
BEARINGS
Distributor/Stockist:
Shri Bajrang Automobiles
Loha Mandi Road, Road No. 14
V.K.I. Area, Jaipur (Raj.)
Mobile : 09024444919


Since 1975

# MANUFACTURER OF FLYWHEEL RING GEARS



BKI®
FLY WHEEL RINGS





*Process with*

- ✓ Bending (Rounding)
- ✓ Cutting
- ✓ Butt Welding
- ✓ Trimming
- ✓ Turning Laths
- ✓ Turning CNC
- ✓ Hobbings

Using Material For Fly Wheel Ring Gears
**EN8D, C45 & SAE1045**

- ✓ 5 Different Types of Tooth Chamfers
- ✓ Heat Treatment / Induction Hardening / Tempering
- ✓ Testing Lab Like Scanner Hardening Tester Etc.
- ✓ Special Features Like Drilled / Steps / Grooves on Diameters / Slant Teeth

Ring Gears For Cars, Tractors, Trucks, Lcv's, Mcv's, Hcv's & Earthmoving Vehicles
We Are Also Manufactured As Per Drawings & Samples

# BRIGHT INDUSTRIES


**CERTIFIED NSIC ISO 9001:2008**

P.O. Dhanowali G.T. Road Jalandhar Cantt – 144010 (Punjab)
Mobile : 09988430300, 09814057126, 8847691368
Email : accounts@flywheelring.in, info@flywheelring.in Visit us at : www.flywheelring.in

**Distributor/ Dealers Enquiry are Solicited**

# A House of All Heavy Duty Self Starter Motor & Alternator






**Deals In :**

BOSCH | DENSO | Lucas-TVS | DELPHI-TVS | NIKKO Heavy Duty Electrical Products | Delco Remy

**Deals In : All Types of Auto Electrical Spares for All Vehicles & Heavy Earth Movers**

# M/s GENUINE SPARES

37, GF, Guru Nanak Auto Market, Kashmere Gate, Delhi - 110 006
Mobile : 098 110 43048, 093 110 43048 E-mail : surjeetks@hotmail.com

# भारत में मेन्यूफेक्चरिंग शुरू करने के लिये टेसला के पास सुनहरा अवसर





केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत जिस तरीके से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर जोर दे रहा है, उसको देखते हुए बिजली से चलने वाली कार बनाने वाली अमेरिकी कम्पनी टेसला के लिये यहां प्लांट लगाने के लिये एक सुनहरा अवसर है।

सड़क परिहवन, राजमार्ग और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) मंत्री गडकरी ने 'रायसीना वार्ता' के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि टेसला भारत की व्हीकल मेन्यूफेक्चरर्स से ऑटो-इक्विपमेंट्स ले रही है और यहां अपना केंद्र स्थापित करना उसके लिये आर्थिक रूप से व्यवहारिक होगा।

मंत्री ने कहा, ''मैं उन्हें (टेसला) सुझाव दूंगा कि भारत में प्लांट शुरू करने का यह सुनहरा अवसर है क्योंकि जहां तक व्हीकल्स के कल-पुर्जों का सवाल है, टेसला पहले से इंडियन मेन्यूफक्चरर्स से इक्विपमेंट्स की खरीद कर रही है।'' उन्होंने कहा कि इसके साथ टेसला के लिये भारतीय बाजार अच्छा होगा।

गडकरी ने भरोसा जताया कि भारतीय उत्पादों में सुधार को देखते हुए अगले दो साल में भारत टेसला के स्तर का इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने की स्थिति में होगा।

उन्होंने कहा, ''अत: यह टेसला के हित में है। मैं उन्हें सुझाव दूंगा कि आप जितनी जल्दी हो, यहां मेन्यूफेक्चरिंग शुरू कीजिए।''

मंत्री ने कहा कि जहां तक कहीं और मेन्यूफेक्चरिंग और भारत में केवल सेल्स की बात है, आप इसके लिये स्वतंत्र हैं। '' लेकिन अगर आप यहां मेन्यूफैक्चरिंग करते हैं, भारत में हम आपकी मदद करेंगे।''

उन्होंने यह भी कहा कि टेसला इंडस्ट्रीयल हब बना सकती है और अपने खुद का वेंडर विकसित कर सकती है।

गडकरी ने कहा, ''वे अन्य देशों के मुकाबले यहां से काफी वाहनों को निर्यात कर सकते हैं। यह आर्थिक रूप से उनके लिये व्यवहारिक होगा।''

उन्होंने कहा कि सरकार का ई-व्हीकल्स पर विशेष जोर है।

मंत्री ने कहा कि शुरूआती चरण में टेसला बेंगलुरू, दिल्ली और मुंबई से विपणन शुरू करना चाहती है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में अगले पांच साल में ई-वाहन क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश बनने की क्षमता है।






# अनादरित चेक का नोटिस निर्धारित समय सीमा में जारी नहीं होने पर धारा 138 के अंतर्गत कार्यवाही नहीं

## परिक्राम्य अधिनियम




उच्च न्यायालय के न्यायधीश रामकृष्ण गौतम के समक्ष एक याचिका परिक्राम्य अधिनियम 1981 की धारा 138 तथा क्रिमिनल प्रोसीजर कोड 1973 की धारा 482 के अंतर्गत प्रेम सागर सोनी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य संबंधित प्रकरण में विचारार्थ प्रस्तुत की गई। किसी चेक के अनादरित होने के 30 दिन की अवधि में नोटिस जारी किया जाना चाहिए तथा भुगतान की मांग की जानी चाहिए। इसी से धारा 138 के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है। वर्तमान प्रकरण में चेक अनादरण की सूचना प्राप्ति के 30 दिन के अंदर नोटिस जारी नहीं किया गया। चेक अनादरित होने की सूचना 30.03.2011 को प्राप्त हुई थी तथा नोटिस 21.05.2011 को जारी किया गया था। यह 30 दिन की अवधि से अधिक है। ऐसे हालात में ट्रायल न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया, वह गलत नहीं हैं

अपीलेंट के अधिवक्ता ने कहा कि प्रतिपक्षी संख्या दो ने 8 लाख रुपये की राशि अर्नेस्ट मनी के रूप में प्राप्त करके स्थायी सम्पत्ति की बिक्री का सौदा अपीलेंट के पक्ष में 10.09.2010 को किया था तथा एक सप्ताह के दौरान विक्रय प्रपत्र तैयार करने का आश्वासन दिया था। 18.09.2010 को पुनः 2 लाख रुपए की मांग की गई, लेकिन इसको स्वीकार नही किया गया तथा जो धनराशि भुगतान की गयी थी, उसको वापस लौटाने की मांग की गई तथा प्रतिपक्षी संख्या दो ने पुनर्भुगतान के लिए समय की मांग की। इसके पश्चात उसके द्वारा दो चेक 05.10.2010 को 2 लाख रुपए तथा एक लाख रुपए का पुनर्भुगतान के रूप में दिया गया तथा शेष बकाया 5 लाख रुपए की राशि का भुगतान नकद करने का आश्वासन दिया गया। दोनों चेक इलाहाबाद बैंक की शाखा दौलताबाद में भुगतान हेतु प्रस्तुत किए गए, लेकिन बिना भुगतान के अनादरित होकर लौट आए। पर्याप्त धन नहीं होने के मेमो के साथ चेक लौट कर आए तथा इसकी जानकारी 30.03.2011 को हो गई थी। विपक्षी को एक नोटिस 21.05.2011 को प्रेषित किया गया, लेकिन प्रतिपक्षी द्वारा नोटिस का कोई जवाब भुगतान द्वारा नहीं दिया गया तथा नोटिस प्राप्त होने पर यह आश्वासन दिया गया कि एक माह की अवधि में पूरी राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। अपीलेंट ने एक माह तक प्रतीक्षा करने के पश्चात पुनः विपक्षी से भुगतान की मांग की, लेकिन वह प्रतिदिन आश्वासन ही देता रहा, उसके पश्चात 04.07.2011 को शिकायत दर्ज की गई तथा धारा 138 के अंतर्गत कार्यवाही की मांग न्यायालय से की गई, लेकिन ट्रायल न्यायालय ने इस वाद को खारिज कर दिया, क्योंकि नोटिस एक माह की अवधि में जारी नही किया गया था। इसके परिणामस्वरूप यह याचिका दायर की गई। न्यायालय के समक्ष प्रतिपक्षी के अधिवक्ता ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि धारा 482 सीआरपीसी के अंतर्गत यह कार्यवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। इसके साथ ही धारा 372 व धारा 378 के अंतर्गत अपील दायर किए जाने का निर्णय किया गया।

न्यायालय ने ट्रायल न्यायालय के आदेश का जिक्र करते हुए कहा कि शिकायत परिक्राम्य अधिनियम की धारा 142 के अंतर्गत समय पर नहीं की गई तथा चेक अनादरित होने के एक माह के अंदर धारा 138 का नोटिस जारी किया जाना चाहिए था। वह समय पर जारी नहीं किया गया। धारा 138 के अंतर्गत अपराध के लिए चेक किसी वर्तमान दायित्व के बदले में जारी किया जाना चाहिए। ऐसा होने पर ही धारा 138 के अंतर्गत कार्यवाही की जा सकती है। परिक्राम्य अधिनियम की धारा 142 पुनः यह स्पष्ट करती है कि शिकायत करने के लिए पुनः एक माह का प्रावधान किया गया है अर्थात शिकायतकर्ता अगर न्यायालय को संतुष्ट कर देता है तो अवधि को एक माह के लिए बढ़ाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए शिकायतकर्ता को समय पर शिकायत नहीं किए जाने के सम्बन्ध में पर्याप्त कारणों के साथ संतुष्ट करना होगा। वर्तमान प्रकरण में विलंब को लेकर कोई उचित कारण नहीं बताया गया है। केवल यह कहा गया है कि दोषी व्यक्ति बार-बार भुगतान का आश्वासन देता रहा है और इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध नहीं है। न्यायालय ने कहा कि चेक अनादरित होने की सूचना प्राप्त होने के 30 दिन की अवधि में नोटिस जारी किया जाना चाहिए। ऐसा होने पर ही धारा 138 के अंतर्गत किसी दंडात्मक कार्यवाही का आधार बनाता है।

(शेष पृष्ठ 26 पर)

CEW AUTO PARTS
GST PRODUCTS
Specialists in :
500/7 Grade S. G. IRON
CHASSIS PARTS OF TRUCKS & TROLLY

Manufacturers & Exporters :
Chaggar ENGINEERING WORKS
Out Side Industrial Area, Jalandhar-144 004
Ph.: (O) 2290774 (R) 2221193 (Tele Fax:) 0181-2290639
(M) 94172-21193, 9888881193 E-mail : cew_hangers@yahoo.co.in
Distributors Required for U. P. & Karnataka

TATA
Somani Auto Pvt. Ltd.
Somani Chambers, Besides Mohan Marriage Palace, G.E. Road, Tatibandh
Raipur-492 004 Ph.: 6533351, 4022992, 4054351 E-mail : somaniauto@rediffmail.com
Distributor
TATA MOTORS
Parts for
Chhattisgarh

# सभी मौसम में करें पपीते का सेवन



अन्य फलों की तुलना में पपीता स्वास्थ्य की दृष्टि से पेट की स्वास्थ्य संबंधी आंतरिक गड़बड़ी से निजात पाने के लिए सबसे गुणकारी हैं। यह वर्ष पर्यन्त बाजारों में उपलब्ध रहता है और भारतीय बाजारों में इसकी उपलब्धता निरंतर दिखाई देती है। ज्यादातर घरों के आंगन में बहुधा इसके पेड़ लगे हुए दिखाई दे जाते हैं। तो आखिर ऐसी क्या बात है जो पपीते को महत्वपूर्ण बनाती हैं? आइए, जरा देखें आखिर पपीते में क्या हितकारी विशेषताएं हैं:-

**विटामिन ए का स्रोत :** यदि आप में विटामिन ए की कमी है तो ऐसे में पपीते का सेवन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इसमें विटामिन ए, कैल्शियम और पोटेशियम की प्रचुर मात्रा उपलब्ध है। यदि आप अपनी पाचन शक्ति को ठीक करना चाहते हैं तो पपीता अवश्य खाएं क्योंकि इसमें फोलिक अम्ल के रूप में विटामिन बी, विटामिन बी-6, विटामिन बी-1 और राइबोफ्लेबिन भी मौजूद है।

**कब्ज में लाभ:** यदि आप कब्ज से परेशान है तो इस असरकारी फल का सेवन करें। पपीता अपच व कब्जियत में भी काफी फायदेमंद साबित होता है और पाचन प्रक्रिया को सही करने में अपनी प्रभावकारी भूमिका अदा करता है। यदि हम कभी ऐसा भोजन करते हैं जिसमें रेशे की कमी है तो संभव है कि यह आसानी से पाचन नली में न जा सके। एक स्थान पर भोजन के कणों का जमा हो जाने से संक्रमण हो सकता है, इस स्थिति में पपीते का सेवन काफी प्रभावकारी रहेगा। उदाहरणार्थ, यदि बड़ी आंत में कफ व मवाद का जमाव हो जाए तो पपीते के ज्यूस का सेवन सबसे अच्छा समाधान है।

**लो कैलोरी:** यदि आप डाइटिंग करके अपने वजन को कम करने का प्रयास कर रहे हैं तो इसमें पपीते को भी शामिल कर लीजिए क्योंकि इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है और इसमें पोषण की भी प्रचुरता है। यह आसानी से पाचनशील है और अच्छा व्हेट लॉस फ्रूट है।

